# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–06.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर छात्रों को संबोधित किया। श्री मोदी ने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। श्री मोदी ने कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने का माध्यम है, जबकि परीक्षाएं केवल स्वयं का मूल्यांकन करने का एक तरीका हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम लक्ष्य केवल अंक नहीं, बल्कि जीवन का संपूर्ण विकास होना चाहिए।

*******************

परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण का प्रदर्शन आज झारखंड के छात्रों के लिए किया गया। हजारीबाग के मेरु स्थिति पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों को सुना और समझा कि कैसे परीक्षा को उत्सव के रूप में लेना है। छात्रों ने कहा कि कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार था। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए मूल मंत्र देते हैं।

*******************

आईआईटी आईएसएम धनबाद में आज से तीन दिवसीय इंडस्ट्री–इंस्टीट्यूट इंटरैक्शन कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में देशभर से उद्योग, विज्ञान और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन के दौरान आईआईटी आईएसएम की हाईटेक प्रयोगशालाएं आम लोगों के लिए खोल दी गयी हैं।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बोकारो दौरे पर आम बजट का बचाव करते हुए विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट संपूर्ण राष्ट्र के लिए है, जिसका लाभ झारखंड को भी मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल, महिला हॉस्टल और एमएसएमई विकास जैसे लाभ गिनाए।

*******************

रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। झारखंड जगुआर का बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा चुका है और कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। हर संदिग्ध वस्तु की जांच की जा रही है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी है।

*******************

पलामू के नौडीहा बाजार प्रखंड में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रोजगार सेवक जितेन्द्र राम को सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी मनरेगा कूप योजना की एंट्री के बदले पैसे मांग रहा था। शिकायतकर्ता राजन यादव की पहल पर यह गिरफ्तारी हुई है।

********************

रामगढ़ के पतरातू में स्पर्श ई–वॉइस द्वारा संचालित निःशुल्क एसएससी जीडी कोचिंग के छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। स्वर्णरेखा समिति की अध्यक्ष रेनू सहगल ने छात्रों को एकाग्रता और कड़ी मेहनत का मंत्र दिया। पीवीयूएनएल के इस सहयोग से वंचित युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति भारी उत्साह दिखा।

*********समाप्त***********